# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 03.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के निरंतर प्रयासों और आतंकवाद के खिलाफ सैद्धांतिक और दृढ़ रुख के अनुरूप, कई सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व के कई देशों का दौरा कर रहे हैं। ये प्रतिनिधिमंडल अपने अंतरराष्ट्रीय संपर्क के तहत विदेशी नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभावशाली थिंक टैंक, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से संपर्क कर रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अल्जीरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की सफल यात्रा से आज सुबह स्वदेश लौटा।

नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में बैजयंत पांडा ने इस दौरे को सफल बताया और कहा कि जिन देशों की उन्होंने यात्रा की है, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट कदम उठाए हैं।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्वी सिंहभूम  के बहरागोड़ा में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह–2025' में 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने युवाओं को राष्ट्र की असली पूंजी बताते हुए संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। राज्यपाल ने शिक्षा को केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व से जोड़ा और विज्ञान–तकनीक के माध्यम से स्थानीय समस्याओं के समाधान पर बल दिया।

********************

**विकसित कृषि संकल्प अभियान** के तहत चतरा जिले के किसानों को आधुनिक तकनीक और नई बीज की किस्मों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

********************

रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर बुलाई गई ग्राम सभा के दौरान भारी हंगामा हो गया। भीड़ ने लापुंग थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है और ग्रामीण एसपी सहित कई अधिकारी मौजूद हैं।

********************

जामताड़ा जिला के नाला प्रखंड स्थित आर के प्लस टू विद्यालय के हर्ष कुमार डोकानिया ने इस वर्ष की माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में जिले में पहला और राज्य में सातवां स्थान प्राप्त कर सफलता की मिसाल पेश की है। हर्ष ने सरकारी विद्यालय में पढ़ाई कर बिना कोचिंग के यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार मंडल ने बताया कि साधारण परिवार से आने वाला हर्ष जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गया है।

********************

गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र में कल रात दूल्हे के नशे में होने के कारण एक बारात को कन्या पक्ष ने बंधक बना लिया। सूचना मिलने पर रंका पुलिस मौके पर पहुंची और उचित कार्रवाई की गई।

********************

राज्य का मौसम एक बार फिर गर्म हो गया है और कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 10 जून के बाद दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून के सक्रिय होने से राहत मिलने की उम्मीद है। आज रांची में अधिकतम तापमान 35 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 38 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस और डालटेनगंज में 38 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

********************

लोहरदगा के ललित नारायण स्टेडियम में दो दिवसीय जिला सब–जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का उद्घाटन उपायुक्त डॉक्टर ताराचंद ने किया। उन्होंने 600 मीटर दौड़ और लंबी कूद स्पर्धा की शुरुआत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर उपायुक्त ने खेल को बढ़ावा देने के लिए कोच को डाइट प्लान और नियमित अभ्यास का निर्देश दिया और खेल पदाधिकारी को आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। प्रतियोगिता में अंडर–14 और अंडर–16 आयु वर्ग के लिए विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं।

**********समाप्त**********